Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

Title : Rising unemployment in Rajasthan and other parts of the country.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, हम लोगों ने बेरोज़गारी भत्ता देने की बात कही है और यूपीए यानी उलट-पलट एसोसिएशन ने भी बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही है। आप बुरा मत मानिएगा। लेकिन आप अपना वायदा नहीं निभा रहे हैं।

महोदय, देश में इस समय बेरोजगारों की समस्या निरन्तर बढ़ रही है और केन्द्र सरकार की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई महत्वपूर्ण विभागों में रिक्तियां पड़ी हैं। केवल राजस्थान में ही 7,91,398 व्यक्ति योग्यताओं को रखने वाले बेरोजगार हैं। भारत में कुल साढ़े पांच करोड़ लोग पूर्णकालिक बेरोज़गार हैं और इसमें प्रतिर्वा 9 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है और 30 प्रतिशत अल्पकालिक बेरोजगार हैं, जिनको महीने में 15 दिन ही काम मिलता है। अमेरिका, इंग्लैण्ड और दुनिया के अन्य देशों में भी बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। भारतर्वा में बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं दिया जा रहा है? जयपुर मैटल बन्द पड़ी है और कई कम्पनियों में लोगों को हटाया जा रहा है, व्यक्तियों की अकारण मौत हो गयी है और अन्य प्र ादेशों में इससे भी भयंकर हालात हैं। राजस्थान सरकार बेरोजगारी मिटाने के लिए प्रयत्नशील है, परन्तु केन्द्रीय स्तर पर बेरोजगारी भत्ता देने का प्रा वधान नहीं किया गया है। मैंने बड़ी मुश्किल से लाइब्रेरियों से राजस्थान में जिलेवार बेरोजगारी संख्या के आंकड़े इकट्ठे किए हैं, जिन्हें मैं समयाभाव में पढ़ना नहीं चाहूंगा, लेकिन इन सभी जिलों का कुल योग 791398 है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि बेरोजगारी हटाने के लिए कुछ ठोस योजनाएं बनाएं और जब तक योजनाएं नहीं बनती हैं, तब तक इन बेरोजगारों को बेरोज़गारी भत्ता दिया जाए।